दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### एफसीआई गोदाम के पास जुआ खेल रहे चार जुआरी गिरफ्तार, 24700 नगदी जब्त

**रायगढ़।** दिनांक 08.04.2022 के शाम करीब 17:50 बजे चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक उत्तम कुमार साहू के नेतृत्व में जूटमिल स्टाफ द्वारा एफसीआई गोदाम के पास 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे व्यक्तियों को घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया, जहां 4 जुआरी रंगे हाथ जुआ खेलते पकड़े गए जिनके पास से 52 पत्ती ताश, नकदी रकम ₹24,700 की जब्ती की गई है जुआरियों पर चौकी जूटमिल (थाना कोतवाली) में 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। पकड़े गए जुआरियान - (1) जितेंद्र कुमार शर्मा पिता विजय कुमार शर्मा उम्र 39 वर्ष निवासी छातामुड़ा नाका एफसीआई गोदाम चौकी जूटमिल (2) राजेश मांझी पिता चंद्रिका मांझी उम्र 42 वर्ष निवासी छातामुड़ा नाका एफसीआई गोदाम चौकी जूटमिल (3) रवि सिंह पिता मंद्रकान सिंह उम्र 50 वर्ष निवासी राजीव नगर कोतवाली (4) राधेश्याम अग्रवाल पिता मुरारी लाल अग्रवाल उम्र 45 वर्ष निवासी बेलादुला नदी किनारे थाना चक्रधरनगर।

### बाइक सवार 3 युवकों ने फायनेंस कम्पनी के दो कर्मचारियों से की लूटपाट

**ओड़िशा की ओर भागे आरोपियों की तलाश में जुटी सरिया पुलिस**

रायगढ़। दिनांक 07.04.2022 के दोपहर थाना सरिया अन्तर्गत ओड़िशा जाने के मार्ग पर कोतराडिपा नाला के पास फायनेंस कम्पनी के दो कर्मचारियों से करीब 52000 रूपये और मोबाइल लूटपाट कर बडे नावापारा, रिसोडा की ओर जाने की सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी सरिया उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों एवं पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देते हुए क्षेत्र की नाकेबंदी कर आरोपियों की पतासाजी में जुटे हैं। घटना के संबंध में प्रार्थी राजकुमार बाघ (27 साल) निवासी ग्राम अंतरझोला थाना सराईपाली जिला महासमुंद थाना सरिया में रिपोर्ट दर्ज कराया कि अविरल फायनेंस लिमिटेड, सारंगढ़ में असिस्टेट ब्रांच मैनेजर के पद पर पदस्थ है। दिनांक 07/04/2022 के सुबह अपने साथी किशोर कुमार बंजारे के हीरो HF डिलक्स CG 22 R 0417 में समूह का पैसे लेने बडे नावापारा, सरिया आये थे।

### युवती के घर घुसकर छेड़खानी करने वाले दो युवक गिरफ्तार, भूपदेवपुर थाना क्षेत्र की घटना

**रायगढ़।** दिनांक 07.04.2022 को थाना भूपदेवपुर में युवती द्वारा दर्ज कराये गये छेड़खानी मामले में भूपदेवपुर टीआई अमित शुक्ला द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार थाना भूपदेवपुर अन्तर्गत अपने मामा के घर पर रहने वाली युवती दिनांक 07.04.2022 को रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 06.04.2022 के दोपहर घर में सो रही थी, शाम करीब 5 बजे डिलेश्वर साहू और पिताम्बर साहू घर अंदर घुस आये और अश्लील बातें कहते हुए दोनों हाथ, बांह को पकड़ लिये। तब चिल्लाई तो आवाज सुनकर मामा आ गये जिन्हें देखकर दोनों भाग गये। दूसरे दिन दिनांक 07.04.2022 को थाना भूपदेवपुर में युवती द्वारा दोनों युवकों पर घर घुसकर छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। थाना भूपदेवपुर में आरोपियों पर धारा 354,454,34 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक अमित शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के गांव, घर पर दबिश देकर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। दोनों आरोपी पिताम्बर साहू 19 साल एवं डिलेश्वर साहू 19 साल घर घुसकर छेड़खानी करना स्वीकार किये हैं जिन्हें गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर JMFC खरसिया भेजा गया है।

# गौठान पहुंच कार्यक्रम-534 गौठानों में पहुंचे नोडल अधिकारी : संचालन का लिया जायजा

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में आज रायगढ़ जिले में 'गोठान पहुंच कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। जिसके तहत जिलेभर के 534 गौठानों में आज जिला व विकासखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा नोडल अधिकारी के रूप में निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा गौठान पहुंचकर वहां कार्यरत समिति सदस्यों से चर्चा कर गौठान संचालन का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा गौठानों में गोधन न्याय योजना का संचालन, गोबर की नियमित खरीदी, भुगतान, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन, कुल उत्पादित एवं विक्रय पश्चात प्राप्त होने वाली कुल राशि, वर्मी कम्पोस्ट की गुणवत्ता, गोबर क्रय, चारा उत्पादन आदि का निरीक्षण किया गया। साथ ही समिति, स्व-सहायता समूह, नोडल अधिकारी के कामकाज, गौठान में गोबर क्रय के सापेक्ष वर्मी टांको की संख्या, टांको में शेड, गौठान में बाड़ी का संचालन, पानी व बिजली की



व्यवस्था के साथ गौठानों में अन्य मूलभूत सुविधाओं एवं संरचनाओं के बारे में जानकारी ली गयी। इस दौरान गौठानों के बेहतर संचालन के लिए गौठान समितियों के साथ चर्चा की गयी। गौठान पहुंच कार्यक्रम के अंतर्गत जिले भर के 534 अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। जिनके द्वारा गौठान का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों के निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर गौठानों के संचालन को बेहतर करने की आगामी कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

**प्रदेश में सर्वाधिक 279 स्वावलंबी गौठान रायगढ़ जिले से**

छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में शामिल सुराजी गांव योजना के तहत निर्मित गौठान तेजी से स्वावलंबन की ओर बढ़ रहे हैं। राज्य में अब तक 3006 गौठान स्वावलंबी हो चुके है। रायगढ़ जिले में सर्वाधिक 279 गौठान स्वावलंबी हुए है। दूसरे नंबर राजनांदगांव जिले में 221 तथा तीसरे क्रम जांजगीर-चांपा जिला है, जहां 190 गौठान स्वावलंबी हुए हैं। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले में 26, धमतरी में 130, बलौदाबाजार में 101, महासमुंद में 170 तथा रायपुर जिले में 85, कबीरधाम में 141, दुर्ग में 185, बालोद में 67, बेमेतरा में 78, कोरबा में 175, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 28, बिलासपुर में 101, मुंगेली में 82, कोरिया में 121, जशपुर में 75, बलरामपुर में 80, सरगुजा में 105, सूरजपुर में 94, कांकेर में 144, कोण्डगांव में 80, दंतेवाड़ा में 64, नारायणपुर में 7, बस्तर में 102, बीजापुर में 23 तथा सुकमा जिले में 52 गौठान स्वावलंबी बन चुके हैं।

# ट्रक चालकों ने गार्ड से मिली भगत कर 5.47 लाख का कोयला 20-20 हजार रूपये में बेचा

**❒ थाना धरमजयगढ़ में आरोपियों पर अमानत में खयानत का मामला दर्ज**



**रायगढ़।** दिनांक 08.04.2022 को थाना धरमजयगढ़ में जय अम्बे रोड़ लाईंस प्राइवेट लिमिटेड रायगढ़ में कार्यरत साइडिंग इंचार्ज कुमार प्रकाश (44 वर्ष) रिपोर्ट दर्ज कराया कि कम्पनी के रेलवे साइडिंग प्रेमनगर धरमजयगढ़ में कार्य कर रहा है। दिनांक 10/03/2022 को ट्रक क्रमांक CG 13 LA- 4783 के चालक कैलाश यादव और ट्रक क्रमांक CG 10 R- 1633 के चालक अनिल खलखो कम्पनी से कोयला जामपाली से ट्रक में लोड कर प्रेमनगर धरमजयगढ़ रेल्वे साइडिंग ले जा रहे थे परन्तु दोनों गाड़ी रेल्वे साइडिंग नहीं पहुंचे। अन्य गाड़ियों के ड्रायवरों से पता करने पर बताये कि साइडिंग में दोनों गाड़ी नहीं पहुंची है कहीं दूसरे तरफ चली गई है। तब कम्पनी के गार्ड पवन कुमार साहू निवासी ग्राम पूरूंगा एवं खीरसागर साहू बताये कि दोनों दो ट्रक कोयला को रेल्वे साइड़िग प्रेमनगर धरमजयगढ़ नहीं लाये और वाहनों के बिल्टी पर्ची में बिना अनलोड किये रिसीविंग करके कोयला को 20-20 हजार में कहीं बेच हैं। दोनों गाड़ी में कुल 62 टन 370 किलो कोयला था जिसका वर्तमान कीमत लगभग 5,47,220 रूपये है। साइडिंग इंचार्ज के रिपोर्ट पर वाहन चालक ट्रक क्रमांक CG 13 LA-4783 के चालक कैलाश यादव , ट्रक क्रमांक CG 10 R- 1633 के चालक अनिल खलखो, गार्ड पवन कुमार साहू निवासी ग्राम पूरूंगा एवं खीरसागर साहू व अन्य पर अप.क्र. 58/2022 धारा 407,406,34 IPC दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# महिला से छेड़खानी के आरोपी को सारंगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** सारंगढ़ पुलिस द्वारा दिनांक 07.04.2022 को महिला से छेड़खानी के आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड बाद जेल दाखिल किया गया है। आरोपी आकाश भारद्वाज पिता खीखराम भारद्वाज उम्र 20 साल निवासी खर्री बड़े के विरूद्ध थाना सारंगढ़ में दिनांक 06.04.2022 को महिला द्वारा छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। महिला बताई कि आरोपी आकाश भारद्वाज करीब एक माह पूर्व से छेड़खानी, गंदे इशारे कर रहा है। आकाश अकेली देखकर कभी हाथ पकड़ लेता तो कभी गलत तरीके से छूता था। होली के एक दिन पहले दिनांक 17.03.2022 के शाम घर में अकेली देखकर आकाश फिर से गंदे इशारे कर सामने आ गया और हाथ पकड़ कर खींचने लगा जिसे डांट फटकार कर भगाई और दूसरे दिन अपने मायके आ गई, जहां पति व घरवालों को घटना बताई। ससुराल आने पर घरवालों से सलाह मशविरा कर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराये। पीड़िता के रिपोर्ट पर थाना सारंगढ़ में आरोपी आकाश भारद्वाज पर धारा 354 IPC का अपराध



पंजीबद्ध किया गया। थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक विवेक पाटले द्वारा आरोपी के अन्यत्र फरार होने की अनदेशा पर तत्काल आरोपी के घर दबिश देकर गिरफ्तार किये जिसे दिनांक 07.04.2022 को ज्युडिसियल रिमांड पर सारंगढ़ न्यायालय पेश किया गया। माननीय न्यायाधीश द्वारा सारंगढ़ पुलिस को दिनांक 11.04.2022 तक आरोपी का रिमांड स्वीकृत किया गया जिस पर आरोपी को सारंगढ़ पुलिस द्वारा उप जेल सारंगढ़ में दाखिल किया गया है।

# कन्या प्रा.शाला पुसौर में अंगना में शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

**रायगढ़।** शास.कन्या प्राथ. शाला पुसौर में अंगना मे शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में बच्चो की माताओं द्वारा अपने बच्चों को साथ में लेकर आयोजित मेले के 9 काउण्टर को गतिविधियों द्वारा अवलोकन करते हुए पूर्ण कराया गया। इन गतिविधियों में बच्चों को काउन्टरों में संतुलन बनाकर चलना, रस्सी कूद, पेपर फोल्डिंग, चित्र वाचन, रंग भरना, वर्गीकरण करना अंक पहचान पढना, जोड़ी मिलान करना, रंग पहचान करना इत्यादि गतिविधियों जोड घटाव को घरेलू वस्तुओं के माध्यम से बहुत ही आकर्षक ढंग से किया गया। इस कार्यक्रम से माताएं अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जागरूक हुई।



कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम की मास्टर ट्रेनर सुनीता साहू, प्र.पाठक सुश्री गुणवती गुप्ता, पुष्पांजली महाणा, संजय गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन एवं महत्व को समझाया। इस कार्यक्रम के समापन में स्मार्ट माता का खिताब लक्ष्मी चौहान, स्मार्ट बच्चा का खिताब सौम्य कुमार यादव, महक निषाद, कु.परी चौहान, निखिल संवरा रहे। कार्यकम में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के बच्चे भी शामिल हुए। कार्यक्रम बहुत ही आकर्षक, मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद रहा।

इस अवसर पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी दिनेश पटेल, अमरबेली केरकेट्टा, शान्तनु पंडा, आर.के.चौधरी, दयासागर पटेल, ठाकुर प्रसाद गुप्ता, कैलाश गुप्ता एवं आर्गनबाड़ी कार्यकर्ता कमला साव, कु.राखी गुप्ता, तपस्विनी चौहान एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल रहीं।

# पीडीएस दुकानों से मिल रहा चावल प्लास्टिक नहीं बल्कि है पौष्टिक फोर्टिफाइड चावल- खाद्य अधिकारी

**❒ आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी 12 की खूबियों से युक्त ये चावल एनीमिया और कुपोषण दूर करने में है अत्यंत कारगर**

**❒ जानकारी के अभाव में फोर्टिफाइड चावल को प्लास्टिक का चावल समझ रहे हैं लोग**

**❒ फोर्टिफाइड चावल को सामान्य चावल के साथ ही है पकाना**

**❒ रायगढ़ सहित प्रदेश के 8 जिलों के 10.50 लाख राशन कार्डधारियों को दिया जा रहा फोर्टिफाइड चावल**

**रायगढ़।** पिछले कुछ दिनों से सार्वजनिक वितरण दुकानों से प्लास्टिक के चावल दिए जाने की खबरें प्रसारित हुयी थी। इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी जी.पी.राठिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिसे लोग प्लास्टिक का चावल समझ रहे हैं असल में वो सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत दिया जा रहा पौष्टिक फोर्टिफाइड चावल है। जो कि आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी 12 की खुबियों से युक्त है। योजना के शुरूआत में जनसामान्य में जानकारियों के अभाव की वजह से फोर्टिफाइड चावल को प्लास्टिक चावल समझा जा रहा था, जो कि सही नहीं है। कई जगह से ऐसी जानकारी प्राप्त हो रही है कि फोर्टिफाइड राईस कर्नल्स को अलग करके पकाया जा रहा है, जो कि उचित प्रक्रिया नहीं है। राशन दुकान से प्राप्त फोर्टिफाइड चावल में 100:1 के अनुपात में सामान्य चावल में फोर्टिफाइड राईस कर्नल्स (एफआरके) मिला हुआ है। राशन दुकान से प्राप्त फोर्टिफाइड चावल यथास्थिति में सामान्य चावल की तरह पकाया जाना है। किसी प्रकार के दाने अलग नहीं किया जाना है। फोर्टिफाइड चावल प्लास्टिक चावल नहीं है बल्कि इसमें आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी 12 युक्त फोर्टिफाइड राईस कर्नल्स (एफआरके)के दाने मिलाए गये है ताकि शरीर को भरपूर मात्रा में ऊर्जा मिले एवं हितग्राही बीमारियों से दूर रह सके।

राज्य में पोषक तत्वों की कमी से होने वाले एनिमिया एवं कुपोषण जैसी बीमारियों की स्थिति को दूर करने के उद्देश्य से आयरन फोलिक एसिड, विटामिन बी 12 युक्त फोर्टिफाइड चावल का वितरण राज्य की सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किया जा रहा है। फोर्टिफाइड चावल, सामान्य चावल के मुकाबले अधिक पौष्टिक है साथ ही इसके वितरण से कुपोषण जैसी समस्याओं में रोकथाम होगी। फोर्टिफाइड चावल वितरण की शुरूआत करने हेतु पॉयलेट जिले के रूप में छ.ग.राज्य के कोंडागांव जिले को चिन्हांकित किया गया था एवं आगामी माहों में 10 आकांक्षी जिले (बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर, सुकमा, राजनांदगांव, महासमुन्द, कोरबा) एवं 02 उच्च भार वाले जिले (रायगढ़ और कबीरधाम)में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पूर्णत: फोर्टिफाइड चावल का वितरण प्रारंभ किया गया है। इस प्रकार वर्तमान में 08 जिलों के अंतर्गत 10.50 लाख राशनकार्डधारियों को फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जा रहा है। माह अप्रैल 2022 से पीडीएस के अंतर्गत सभी आकांक्षी तथा उच्च भार वाले जिलों में फोर्टिफाइड चावल का वितरण प्रारंभ किये जाने की कार्ययोजना है। केंद्र की योजनाओं एनएफएसए अंत्योदय एवं एनएफएसए प्राथमिकता एवं राज्य की योजनाओं सीजीएफएसए अंत्योदय एवं सीजीएफएसए प्राथमिकता, महतारी जतन, चावल नि:शक्तजन, चावल अन्नपूर्णा, चावल निराश्रित एकल में फोर्टिफाईड चावल का आबंटन एवं वितरण किया जा रहा है।

# अज्ञात कारणों से युवती ने खुद पर केरोसिन डालकर लगाई आग

**❒ आग से बुरी तरह झुलसी युवती की सरिया राइनो बचाई जान**

**रायगढ़।** आपातकालीन सेवा डायल 112 दुर्घटना व अन्य मेडिकल इमरजेंसी घटनाओं के घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर जनहानि को होने से बचाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज दिनांक 08.04.2022 को ग्राम पोरथ, सरिया की युवती के लिए सरिया राइनो वरदान साबित हुआ।

जानकारी के मुताबिक आज शाम सरिया राइनो को सुसाइड अटेम्प्ट का इवेंट मिला।ग्राम पोरथ की युवती बबीता उम्र 19 वर्ष अज्ञात कारणों से स्वयं के ऊपर मिट्टी तेल डालकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी, सूचना पर तत्काल थाना सरिया का आरक्षक ठंडा राम



गुप्ता और ERV वाहन चालक फुलसाय मौके पर रवाना हुए, घटना से आहिता बबीता के हाथ, पैर व अन्य हिस्से बुरी तरह झुलस गए थे। डायल 112 सरिया राइनो स्टाफ द्वारा आहिता को तत्काल ईआरवी वाहन में बिठाकर सीएचसी बरमकेला ले जाकर एडमिट कराया गया जिससे उसकी जान बच गई।

# अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों के लिए एक्टिंग के गुर सीखने का सुनहरा मौका, भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान नई दिल्ली देगी ट्रेनिंग

**❒ 18 से 27 अप्रैल तक ऑनलाईन मोड में होगा 10 दिवसीय एक्टिंग कोर्स**

**❒ 13 अप्रैल तक करना होगा आवेदन जमा**

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह के अभिनव पहल एवं सीईओ डॉ.रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जिले में रहने वाले अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग की प्रतिभागियों के लिए विश्व प्रसिद्ध संस्थान भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, नई दिल्ली द्वारा मुफ्त में फिल्म आधारित कौशल पाठ्यक्रम के अंतर्गत ऑनलाइन मोड में 10 दिवसीय एक्टिंग कोर्स आगामी 18 से 27 अप्रैल 2022 तक संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आयु 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष से अधिक होना चाहिए जो भी अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रतिभागी स्कूलों एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी उपरोक्त 10 दिवसीय ऑनलाइन कोर्स करना चाहते हैं वे अपना आवेदन सामान्य पेपर पर लिख कर अपने विकास खंड के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी या स्वयं के स्कूल एवं महाविद्यालय के प्राचार्य के पास जमा कर सकते हैं साथ ही अगर वे चाहें तो अपना आवेदन सीधे जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, कलेक्ट्रेट परिसर, रायगढ़ में प्रभारी भुवनेश्वर पटेल के पास सीधे जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षण संबंधी अन्य कोई विस्तृत जानकारी प्राप्त करना हो तो प्रभारी भुनेश्वर पटेल के मोबाइल नंबर 70000-81311 में संपर्क कर सकते है। उपरोक्त प्रशिक्षण के लिए 40 सीट निर्धारित है, प्रतिभागियों को आवेदन पत्र में नाम, पिता का नाम, अध्ययनरत संस्था, घर का पूरा पता एवं मोबाइल नंबर लिखना आवश्यक होगा। आवेदन पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र सलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन पत्र दिनांक 13 अप्रैल 2022 तक जमा किए जा सकते हैं। इसमें बालक एवं बालिका दोनों आवेदन करने हेतु पात्र हैं। प्रशिक्षण के दौरान दोपहर का भोजन उपलब्ध कराया जाएगा, रात्रि का भोजन एवं आवास की व्यवस्था स्वयं को करनी होगी।

# सखी सेंटर के प्रयासों से पति-पत्नी के बीच हुई सुलह

**रायगढ़।** महिला संरक्षण अधिकारी के माध्यम से सखी सेंटर रायगढ़ में दिनांक 23 दिसम्बर 2021 को प्रकरण प्राप्त हुआ। जिसमें आवेदिका का विवाह वर्ष 2016 सामाजिक रीति रिवाजों से अनावेदक के साथ से हुआ था व वर्तमान में आवेदिका का 3 वर्ष का पुत्र है। विवाह ढाई माह पश्चात ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज को लेकर आवेदिका को प्रताड़ित किया जाने लगा। परिवार में आये दिन विवाद होने के कारण अनावेदक (पति) द्वारा स्वयं ही आपसी सहमति से परिवार से अलग उसी घर में आवेदिका व बच्चे के साथ रहने लगे। उसके बाद भी ससुराल पक्ष द्वारा आवेदिका को परेशान किया जाता रहा है व पड़ोसियों को आवेदिका से बातचीत करने आवश्यक समान लिये मना किया गया व अनावेदक (पति) द्वारा पुन: आवेदिका व पुत्र को शारीरिक क्षति पहुंचाने का प्रयास किया गया जिसके बाद दोनों पक्षों का पारिवारिक समझौता करने के बाद भी अनावेदक में कोई सुधार नहीं हुआ व आवेदिका को घर से निकाल दिया गया। जिसके बाद आवेदिका द्वारा थाना सारंगढ़ में शिकायत दर्ज करवाया। अगस्त 2021 से अनावेदक द्वारा घर से निकाले जाने के कारण आवेदिका 4 माह से मायके में निवासरत थी। सखी सेंटर में प्रकरण दर्ज होने के पश्चात सखी द्वारा अनावेदक को महिला संरक्षण अधिकारी व सखी द्वारा समझाईस दिया गया जिसके पश्चात दोनो पक्षों का समझौता हुआ व आवेदिका अपने ससुराल पिपरिया जिला-नरसिंगपुर (म.प्र.) पति के साथ रहने लगी व आवेदिका को नरसिंहपुर (म.प्र.) के सखी सेंटर की जानकारी उपलब्ध कराई गई व लगभग 3 माह तक दोनो पक्षों को फॉलोअप में रखा गया। वर्तमान में अनावेदक समझाईश उपरांत अपना व्यापार भाई से पृथक कर लिये है व आवेदिका व पुत्र के साथ प्रेमपूर्वक रह रहे हैं, उक्त संपूर्ण कार्यवाही जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देश पर किया गया है।

# संयुक्त टीम ने किरोड़ीमल शास.चिकित्सालय के वार्डो का किया निरीक्षण, मरीजों के लिए लगे है पर्याप्त कूलर व पंखे

**❒ बर्न यूनिट में लगे दोनों एसी है चालू अवस्था में**

**❒ सुधार की आवश्यकता वाले उपकरण के तत्काल मरम्मत के निर्देश**

**रायगढ़।** स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सबद्ध कि.शा.चिकित्सालय रायगढ़ के संबंध में प्रकाशित समाचार बर्न यूनिट में एसी खराब, वार्डो में कूलर नहीं के संबंध में संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक मनोज मिंज ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे अस्पताल का कलेक्टर भीम सिंह के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, ईई पीडब्लूडी व अनुविभागीय अधिकारी विद्युत तथा टेक्नीशियन की टीम बनाकर निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि विभागों में भी पर्याप्त मात्र में कूलर व पंखे स्थित है जो कि चालू अवस्था में पाया गया। उन्होंने आगे बताया कि मेल मेडिकल वार्ड में मरीजों के लिए दो नग बड़ा एक्जास्ट कूलर व स्टाफ के लिए एक नग कूलर तथा पर्याप्त मात्रा में लगा हुआ है। जो सभी चालू अवस्था में पाया गया। टीम द्वारा कूलरों में पर्याप्त मात्रा में पानी डालकर चलाने एवं समय-समय पर सफाई करने का सुझाव दिया गया है। इसी प्रकार टीबी व चेस्ट वार्ड, सारी तथा फिमेल मेडिकल वार्ड का भी निरीक्षण किया गया। जहां पर्याप्त मात्रा में कूलर एवं पंखे चालू अवस्था में लगे हुए है।

गायनिक वार्ड ए व बी लगे कूलर को बाहर खिड़की में लगाने के निर्देश दिए गए इसके लिए स्टैण्ड व प्लेटफार्म पीडब्लूडी द्वारा बनाया जाएगा। गायनिक वार्ड सी में लगे पंखे की तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए गए। उन्होंने आगे बताया कि बर्न वार्ड में लगे दोनों एसी चालू अवस्था में है। वार्ड में मरीज भर्ती नहीं होने के कारण एसी को बंद कर दिया जाता है। बर्न यूनिट व एनआरसी में लगे एसी कुछ वर्ष पुराने होने के कारण परफार्मेंस में नए एसी के मुकाबले अपेक्षाकृत कुछ कम हो सकता है किन्तु सारे एसी चालू अवस्था में है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480